वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 145 | बुधवार 18 सितम्बर 2024 | दैनिक ई-पेपर

क्षमावणी पर्व

शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

बिड़ला सभागार में विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ, लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह

युवाओं के सपने होंगे पूरे, 10 लाख को मिलेगा रोजगार, प्रधानमंत्री के मजबूत नेतृत्व से भारत बनेगा विकसित राष्ट्रः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

10 हजार 376 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास। गर्भवती महिलाओं के लिए अब निःशुल्क सोनोग्राफी सुविधा

कार्मिकों को मिले नियुक्ति पत्र, प्रदेशभर के लाभार्थियों से मुख्यमंत्री ने किया संवाद, 86 नगर पालिकाओं को 50 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता जारी करने की घोषणा। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उनसे प्रेरणा लेने का किया आह्वान

जयपुर. शाबाश इंडिया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की 8 करोड़ जनता के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हमारे प्रत्येक कार्य में जनमानस का प्रतिबिंब दिखता है और इससे प्रत्येक क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। आज 10 हजार करोड़ रूपए से अधिक के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण विकसित राजस्थान के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उन्होंने 86 नगर पालिकाओं को 50 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता जारी करने की घोषणा भी की। शर्मा मंगलवार को बिड़ला सभागार में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव, पीएम आवास योजना-ग्रामीण, स्वच्छता ही सेवा अभियान, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मा) वाउचर योजना और अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मना रहा है। मोदी के जन्मदिन पर हमें उनके दूरदर्शी संकल्पों और असाधारण परिश्रम से प्रेरणा लेनी चाहिए और वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश तथा राजस्थान को विकसित प्रदेश बनाने के लिए समग्र प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। पांच वर्षों में निजी क्षेत्र में 6 लाख एवं सरकारी क्षेत्र में 4 लाख सहित कुल 10 लाख रोजगार अवसरों का सृजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने लगभग 41 हजार नियुक्तियां प्रदान की हैं जिसमें से आज 8 हजार 32 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए हैं। यह हमारी दृढ इच्छाशक्ति का प्रतीक है। शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में भर्ती परीक्षाओं में युवाओं के साथ खिलवाड़ हुआ। जिन्होंने अन्याय किया उनके विरूद्ध हम कठोर कार्रवाई कर रहे हैं। चाहे कितना ही बड़ा व्यक्ति हो उसे बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 10 औद्योगिक क्षेत्रों का चिन्हीकरण किया है जिससे युवाओं के लिए रोजगार का सृजन भी होगा। साथ ही, जयपुर में 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित हो रही राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार के नए द्वार भी खुलेंगे। उन्होंने कहा कि स्टेट स्किल पॉलिसी बनाकर दो साल में 1.50 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। राज्य सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए युवा नीति-2024 भी लेकर आ रही है। शर्मा ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मा) वाउचर योजना का शुभारंभ भी किया। इस योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाएं 1,161 निजी पंजीकृत सोनोग्राफी केंद्रों पर निःशुल्क सोनोग्राफी करा सकेगी। इस योजना पर राज्य सरकार 10 करोड़ रुपये से अधिक प्रतिवर्ष व्यय करेगी। मुख्यमंत्री ने गर्भवती महिलाओं को वाउचर देकर मा योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़े नवनियुक्त कार्मिकों एवं योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया।



सम्पादक : शाबाश इंडिया समाचार पत्र

परस्परोपग्रहो जीवानाम्

न जाने कितनी बार, कितनों का दिल दुखाया है,
आज इस पावन पर्व पर प्रायश्चित का अवसर पाया है।

हृदयतल से सबको क्षमा,
सबसे क्षमा

"उत्तम क्षमा"

नंदकिशोर-शांता देवी जैन पहाड़िया
प्रमोद-नीना जैन
सुनील-निशा जैन, अंकित-इति जैन
अक्षत, आदविक व आन्या जैन

ARL Infratech Ltd.
AKSHAT
A WAY OF LIFE

दशलक्षण पर्व का अनंत चतुर्दशी के दिन हुआ समापन

भगवान वासुपूज्य स्वामी का मोक्ष कल्याणक निर्वाण लाडू चढ़ाकर मनाया

सनावद. शाबाश इंडिया। दिगंबर जैन समाज के 8 से 17 सितंबर तक चल रहे पावन दशलक्षण महापर्व का मंगलवार को समापन हुआ। अनंत चतुर्दशी होने के कारण जैन मंदिरों में श्री जी के जलाभिषेक, शांतिधारा के बाद विभिन्न पूजा संपन्न हुई। उपरोक्त जानकारी देते हुए डॉ. नरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान वासुपूज्य स्वामी के जलाभिषेक, शांतिधारा के बाद भगवान सुपार्श्वनाथ, भगवान वासुपूज्य, भगवान अनंतनाथ, सोलह कारण, दशलक्षण, रत्नत्रय, निर्वाण क्षेत्र तथा जिनवाणी की पूजन की गई। भगवान वासूपूज्य स्वामी का निर्वाण महोत्सव होने के कारण निर्वाण कांड भाषा के सामूहिक वाचन के बाद मोक्ष गमन का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। पूजन में सत्येंद्र जैन, धीरेंद्र बाकलीवाल, संतोष बाकलीवाल, राकेश जैन, प्रियम जैन, जंगलेश जैन, नरेश पाटनी, शुभम जैन, सम्मी जैन, राजेश चौधरी, निलेश बाकलीवाल, आशीष पाटनी,लविश पाटनी, हेमचंद्र पाटौदी, शैलेंद्र जैन, विशाल चौधरी, प्रिया जैन, सपना जैन विनीता बाकलीवाल, संध्या जैन सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आदिनाथ जिनालय में भी भगवान वासूपूज्य स्वामी के निर्वाण महोत्सव के अंतर्गत भगवान की पूजन कर प्रफुल्ल जैन, राजेश जटाले, पुष्पेंद्र जैन, सहित अनेक श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू चढ़ाकर पुण्यार्जन किया। पर्व के समापन पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, आदिनाथ जिनालय में सामूहिक अभिषेक, शांतिधारा हुई । पूज्य आर्यिका सरस्वती माता जी एवं आर्यिका अनंत मति माताजी के दसों दिन दस धर्मों तथा तत्वार्थ सूत्र पर विशेष प्रवचन हुए।

उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म एवं श्री वासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया

प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया

भीलवाड़ा। बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म एवं श्री वासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। प्रातः काल सभी प्रतिमाओं पर अभिषेक कर चांदमल जैन एवं मयंक पाटनी ने पदम प्रभु भगवान, दिनेश अग्रवाल ने आदिनाथ भगवान, प्रदीप गदिया ने मुनिसुव्रतनाथ भगवान पर शांतिधारा की एवं अन्य प्रतिमाओं पर भी शांतिधारा की गई। इस उपरांत श्रीवासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक का निर्वाण कांड का वाचन कर सामूहिक रूप से निर्वाण लाडू समर्पित किया। जयकारों से वातावरण गूंज उठा। बधाई गीत से महिलाओं ने भक्ति नृत्य किया। बाद में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना कर दश लक्षण विधान पर अर्ग समर्पित कर समापन हुआ। बड़ी संख्या में धर्मालुगण उपस्थित हुए। कल्पना सोगानी के निर्देशन में पूजा संपन्न हुई। आज दोपहर 2:00 बजे श्री शांतिनाथ भगवान को गंधकुटी पर विराजमान कर श्रीमती सुमन पाटनी के निर्देशन में पूजा-अर्चना कर अभिषेक पाठ द्वारा श्रीजी पर कलशाभिषेक किया गया। सभी ने गंधोदक लेकर धन्य हुए। भगवान का मार्जन कर पुनः श्रीजी को वेदी पर विराजमान किया।

आत्मशुद्धि के महापर्व पर्यूषण के पुनीत अवसर पर
गत वर्ष में हुए ज्ञात-अज्ञात अविनय,
राग-द्वेष मनोमालिन्य के लिए क्षमा याचना

रमेश चंद्र-सुमति देवी
यश कमल-संगीता
विभोर-आयुशी अजमेरा

वेद ज्ञान

इंसान को अपनी गलतियों को सुधारना चाहिए

अक्सर लोग दूसरे व्यक्ति की छोटी से छोटी गलती तलाशने में जरा भी देरी नहीं लगाते। वहीं वे अपनी बड़ी से बड़ी गलती को भी नजरअदांज करते हैं। जो सहजता से अपनी गलती मान लेता है, वह जीवन में सकारात्मक सोच और अध्यात्म की दिशा में जीवन के पथ पर आगे बढ़ता है। अपनी गलती सबके सामने स्वीकार करने का साहस विरले लोग ही दिखा पाते हैं। अधिकांश लोग यही चाहते हैं कि उनकी गलतियां छिपी रहें, दूसरों के सामने प्रकट न हों। यहां तक कि गलती सामने आने पर वह उससे मुकरने में भी देरी नहीं लगाते। ऐसा करके वे दूसरे लोगों को मूर्ख बना सकते हैं, लेकिन उनका स्वयं का अंतर्मन इस बात को जानता है कि वे गलत हैं। खाली समय मिलने पर अंतर्मन में अक्सर गलती वाली बात हर इंसान को कचोटती है। कई इंसान जो संकोची प्रवृत्ति के साथ ही संवेदनशील भी होते हैं, उनके अंदर तो यह बात इस हद तक घर कर जाती है कि उनका मानसिक संतुलन अस्त-व्यस्त हो जाता है। इंसान को गलतियों का पुतला माना गया है। इसलिए यह सार्वभौमिक सत्य है कि हर इंसान कहीं न कहीं और कभी न कभी गलती करता ही है। गलती करना इंसान का कार्य है तो उस गलती को स्वीकार करना भी इंसान का ही कार्य है। अपनी गलती और जिद पर अड़े रहने वाले व्यक्ति को समाज सम्मान नहीं देता है। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि जो व्यक्ति अपनी असफलताओं और गलतियों को मान लेते हैं, उनका जीवन पहले से अधिक सुंदर हो जाता है। उनमें आत्मविश्वास और सद्गुणों का विकास होता है। ऐसे व्यक्ति जो स्वयं की गलती स्वीकार नहीं करना चाहते, उनमें धीरे-धीरे नकारात्मक गुणों का विकास होने लगता है। गलती छिपाने के लिए इंसान को अक्सर असत्य बातों को बोलना पड़ता है। ये असत्य बातें ऐसे व्यक्तियों के जीवन का एक अंग बन जाती हैं। गलती स्वीकार करना एक साहसिक कार्य है। ऐसा व्यक्ति ईश्वर के अधिक निकट पहुंच जाता है। जो अपनी गलती स्वीकार करने का साहस नहीं रखते, उनके अंदर से प्रेम, दया और कर्तव्य का लोप हो जाता है। ऐसे लोग अपने और अपनी जरूरतों के प्रति उदासीन हो जाते हैं। उनके अंदर एक भावनात्मक खालीपन उत्पन्न हो जाता है।

संपादकीय

झकझोर जाती है आत्महत्या की हर एक घटना

आत्महत्या की हर घटना झकझोर जाती है, पर जब कोई प्रतिभावान युवा अपनी जान लेता है, तो यह न केवल त्रासद, बल्कि पूरे देश-समाज के लिए नुकसानदायक बात है। बड़े दुख की बात है कि दिल्ली में मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के 25 वर्षीय स्नातकोत्तर मेडिकल छात्र को उसके कमरे में मृत पाया गया। प्रथम दृष्टया, ऐसा लग रहा है कि छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है, लेकिन पुलिस को व्यापकता में जांच करनी चाहिए और हर आशंका को परखना चाहिए। जानना जरूरी है कि आखिर एक टॉपर छात्र ऐसे मुकाम पर कैसे पहुंच गया? वह रेडियोलॉजी का द्वितीय वर्ष का छात्र था और उसे बेहतरीन विशेषज्ञ डॉक्टर बनना था। लोग यह भूले नहीं थे कि पंजाब का यह छात्र साल 2017 में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी या नीट) का टॉपर था। उसके पिता सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल हैं और छोटा भाई भी मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है। जिस परिवार ने अपना होनहार खोया है, उसके साथ सबकी संवेदना होनी चाहिए। ऐसी घटनाएं समाज को विचलित कर देती हैं। समाज विज्ञानियों और चिकित्सकों को मिलकर अध्ययन करना चाहिए। ध्यान रहे, दिल्ली में ही 27 अगस्त को ओल्ड रेजिडेंट डॉक्टर हॉस्टल में एक 20 वर्षीय मेडिकल छात्र का शव मिला था। छात्रों के बीच भी यह सवाल बार-बार उठ रहा होगा। क्या निराशा इतनी बढ़ गई है कि अपनी जीवन में पढ़ाई के झंडे गाड़ने वाले छात्रों को भी अपना भविष्य स्याह लग रहा है? इस साल फरवरी के महीने में यह आंकड़ा सामने आया था कि पिछले पांच वर्षों में कम से कम 122 मेडिकल छात्रों ने आत्महत्या की है, जिनमें से 64 एमबीबीएस में और 58 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों अध्ययनरत थे। यह संख्या कम नहीं है। एक भावी चिकित्सक को ऊर्जा और उत्साह से भरपूर होना चाहिए, क्योंकि उसे लोगों की सेवा के लिए समर्पित होना है। उसे चिकित्सक बनने का मौका मिला है और अच्छे चिकित्सकों को लोग भगवान की तरह आदर देते हैं। सम्मानजनक जिंदगी की ओर जा रहे छात्रों के दिलोदिमाग में निराशा का एक कतरा नहीं होना चाहिए, पर हर महीने औसतन दो मेडिकल छात्र आत्महत्या कर लेते हैं? राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने इस साल फरवरी में यह भी बताया था कि पांच साल में 1,270 मेडिकल छात्रों ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। एक और तथ्य गौरतलब है कि पढ़ाई छोड़ने वालों में से 153 विद्यार्थी एमबीबीएस कर रहे थे और 1,117 ने स्नातकोत्तर के दौरान पढ़ना छोड़ दिया। मतलब, विशेषज्ञ चिकित्सक बनने का मौका भी हाथ से निकलने दिया जा रहा है? क्या चिकित्सा शिक्षा का ध्यान रखने वाली जिम्मेदार संस्थाओं ने इन तथ्यों पर गहराई से गौर किया है? बेशक, छात्रों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बढ़ती जा रही है। यह होनहार सिख छात्र भी शायद आत्महत्या न करता, अगर उसके पास संस्थान के होस्टल की सुविधा होती।

-राकेश जैन गोदिका

परिदृश्य

जनगणना में देरी

2021 में होने वाली जनगणना को लेकर ऐसे संकेत सामने आना ठीक नहीं कि उसमें न केवल देरी होगी, बल्कि वह 2027 से पहले संभव नहीं होगी। ऐसे संकेत इसलिए उभर रहे हैं, क्योंकि इस बारे में अभी कुछ स्पष्ट नहीं कि वह वस्तुतः कब शुरू होगी। जनगणना में देर होने की आशंका उभरने का एक कारण यह भी है कि इस बार बजट में उसके लिए कोई प्रविधान नहीं किया गया। अब यदि अगले बजट में उसके लिए प्रविधान किया जाता है तो 2025-26 में ही जनगणना का काम शुरू हो सकता है। जनगणना एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है और उसके पूरा होते-होते यदि 2027 बीत जाए तो हैरानी नहीं। 2021 की जनगणना कोविड महामारी के कारण स्थगित की गई थी। यह ठीक ही था। इस भयावह महामारी से जूझते हुए जनगणना संभव नहीं थी, लेकिन उसके समाप्त होने के बाद तो वह सरकार की प्राथमिकता में शामिल होनी ही चाहिए थी। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि महामारी के दौर में भी अनेक राज्यों में विधानसभा चुनाव कराए जाते रहे और कई अन्य बड़े आयोजन भी किए जाते रहे। यह सही है कि लोकसभा चुनाव के आसपास जनगणना कराना संभव नहीं था, क्योंकि उसमें भी आम तौर पर उन्हीं कर्मचारियों की ड्यूटी लगती है, जो जनगणना करते हैं। समझना कठिन है कि यह क्यों नहीं सुनिश्चित किया जा सका कि 2025 में जनगणना का काम हर हाल में शुरू हो सकता। जनगणना में देरी होने का मतलब है सरकारी नीतियों के क्रियान्वयन और योजनाओं के निर्माण में 2011 के आंकड़ों से ही काम चलाने की मजबूरी। ध्यान रहे कि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग सरकारों के साथ उद्योग जगत और शोध संस्थाएं भी करती हैं। इसके अतिरिक्त संसद, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के प्रतिनिधित्व का आवंटन और निर्वाचन क्षेत्रों के सीमांकन में भी

जनगणना के आंकड़ों का ही इस्तेमाल किया जाता है। यदि प्रस्तावित जनगणना के आंकड़े सामने आने में देरी होती है तो फिर महिला आरक्षण लागू करने में भी विलंब हो सकता है। संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करना तब संभव होगा, जब निर्वाचन क्षेत्रों का नए सिरे से परिसीमन होगा और परिसीमन के लिए जनगणना के अद्यतन आंकड़े चाहिए होंगे। जनगणना में देरी से उसका चक्र प्रभावित होने की भी आशंका है, क्योंकि अभी यह कहना कठिन है कि 2031 में जनगणना कराने की आवश्यकता समझी जाएगी या नहीं? निःसंदेह मौजूदा सरकार के समक्ष यह दुविधा भी होगी कि जनगणना के साथ जाति गणना कराई जाए या नहीं? जाति गणना की मांग बढ़ती चली जा रही है और पिछले दिनों तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी उसकी आवश्यकता जता दी। सरकार का जाति गणना पर जो भी फैसला हो, यह मानकर चला जाना चाहिए कि वह ऐसे जतन अवश्य कर रही होगी, जिससे जनगणना में अधिक विलंब न होने पाए।

स्वयं में रमण कर आत्मा के स्वभाव को पहचानना उत्तम ब्रह्मचर्य : मोतीलाल जैन

कामां, डीग. शाबाश इंडिया। दस लक्षण महापर्व के अंतिम दिवस जैन मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई तो वहीं उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना भी की गई। इस अवसर पर शांतिनाथ दिगम्बर जैन खंडेलवाल पंचायती मंदिर दिवान में भगवान दास जैन व संजय जैन बड़जात्या द्वारा वृहद शांति धारा की गई। मन्दिर समिति के कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन के अनुसार 24 तीर्थंकरों की पूजन श्रावक श्राविकाओं द्वारा की गई तो वहीं दोपहर को विजय मती स्वाध्याय भवन में प्रवचन करते हुए मोतीलाल जैन ने कहा स्वयं में रमण कर आत्मा के स्वभाव को पहचानना उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म है। ब्रह्मचर्य का सामान्य अर्थ शील व्रत के पालन से लगाया जाता है किंतु जैन धर्म मे इसका बड़ा ही गूढ़ अर्थ है। स्वयं में रमण अर्थात आत्मा के वास्तविक स्वरूप से परिचय करना है। अंतरंग को निर्मल करते हुए बाह्य परिग्रह,सांसारिक रमणता को समाप्त कर वैराग्य के पथ पर प्रशस्त होना है। उन्होंने समझाते हुए कहा कि आत्मा पुदगल से भिन्न है। सात्विकता के साथ संयम साधना करते हुए अंतरात्मा को पहचानना ही उत्तम ब्रह्मचर्य है। व्रत,उपवास, एकासन रखें धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बड़जात्या ने बताया कि अनंत चतुर्दशी पर यथासंभव महिलाओं पुरुषों व बच्चों द्वारा व्रत, उपवास, एकासन, बेला,तेला आदि रखे गए। जिनका पारणा 18 सितम्बर को प्रातः होगा।अनंत चतुर्दशी के पर्व के साथ दस दिवसीय दसलक्षण पर्व का विधिवत समापन हुआ।

दसलक्षण महापर्व के पावन अवसर पर भक्तिभाव से संपन्न हुई विशाल भजन संध्या

मनीष पाटनी. शाबाश इंडिया

अजमेर. शाबाश इंडिया। श्री दिगंबर जैन बीस पंथी नागौरी आमनाय पंचायत छोटा धड़ा की नसिया जी जहा अतिशयकारी एवम चतुर्थकालीन 1008 श्री आदिनाथ भगवान का दरबार है में श्री दिगंबर जैन संगीत मंडल अजमेर के तत्वावधान में एक विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमे जैन भजन सम्राट प्रोफेसर सुशील पाटनी ₹शील₹,संजय पहाड़िया,सुभाष पाटनी, अंकित पाटनी,सुशील दोषी,नरेश गंगवाल, विरेंद्र जैन एवम धनकुमार लुहाड़िया आदि की टीम द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। ''करता हु तुम्हारा सुमरन उद्धार करो जी हे ऋषभ जिनंदा,मनवर तेरी मूरतिया मस्त हुआ मन मेरा,बाबा तेरे चरणों की बाबा चरणों की गर धूल मिल जाए'' सहित बीस से अधिक भजन पर समाज के हर वर्ग ने भक्ति की। कार्यक्रम आयोजक एवम पुण्यार्जक परिवार के अतुल पाटनी ने बताया कि दसलक्षण पर्व के पावन अवसर पर विगत त्रयोदस वर्षों से आज के दिन श्रीजी के सम्मुख एवम भक्तिगान से भरपूर भजनों का कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमे बाबा के भक्त भावविभोर होकर भक्ति नृत्य करते है श्रेष्ठ भक्ति करने वाले 150 से अधिक व्यक्तियों को पाटनी परिवार द्वारा सम्मानित करते हुए पुरस्कृत किया गया।

JAIN APPLIANCES
A HOUSE OF ELECTRONIC

VOLTAS Symphony Whirlpool SONY
micromax orient electric LG IFB
Panasonic MITASHI BAJAJ Godrej
GENERAL HAVELLS KENT SAMSUNG

विनोद जैन

जाने में अनजाने में, मन के वचन सुनाने में
अगर टूटा हो आपका मन तो
क्षमावाणी के इस पर्व पर
दे दीजिये हमें क्षमा का दान

B 3, Opposite Pink Square,
Sindhi Colony, Jaipur- 7014436411, 0141-261800

दशलक्षण पर्व में पं. डॉ.महावीर का किया सम्मान

उदयपुर. शाबाश इंडिया

आशीष नगर 'दशलक्षण महापर्व की उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के दिन उदयपुर पधारे डॉ . पं .महावीर प्रसाद शास्त्री का समाज द्वारा सम्मान किया गया। प्रवचन करते हुए पं.डॉ . महावीर प्रसाद शास्त्री उदयपुर ने कहा कि ज्ञायक स्वरूपी आत्मा के दर्शन करना ही हमारा ध्येय हो । प्रातः समयसार पर व्याख्यान करते हुए कहा कि जैन धर्म परीक्षा प्रधानी है। वह किसी को देखा देखी करने को नहीं कहता है । आचार्य कुंदकुंद देव ने अपने शिष्यों को परीक्षा प्रधानी बनाया है न कि अंध भक्त । जैसे अनार्य को अनार्य भाषा में समझाना जरूरी है। वैसे व्यवहारी को व्यवहार की भाषा में समझाना आवश्यक है। प्रातः साधर्मिजनों द्वारा प्रक्षाल - पूजन भक्ति भाव से की गई ।

श्री वासुपूज्य भगवान के मोक्ष कल्याणक पर चढ़ाया गया 12 किलो का निर्वाण लाडू सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ में

गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया

श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी राजस्थान की पावन धरा पर अद्वितीय द्वितीय वर्षायोग 2024 भारत गौरव गणिनी गुरुमां विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में आज अनंत चतुर्दशी पर्व पर उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजन की गई। प्रतिक जैन सेठी ने बताया की मंडल पर 22 अर्घ्य चढ़ाकर भक्तों ने खूब भक्ति आराधना के साथ विधान का समापन किया। तत्पश्चात भगवान वासुपूज्य जी के मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर 12 किलो का निर्वाण लड्डू चढ़ाने का सौभाग्य कमलचंद सेठी मुंबई सपरिवार ने प्राप्त किया। इसी के साथ निवाई,चाकसू,जयपुर से पधारे हुए भक्तों ने आतिशयकारी श्री शांतिनाथ भगवान की शांतिधारा करने का परम सौभाग्य प्राप्त किया। उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की शिक्षा देते हुए पूज्य माताजी ने सभी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहां की ब्रह्म यानी आत्मा चर्य यानी आचरण करना। जो मनुष्य आत्मा की ओर दृष्टिपात करके उसी में रमता है वह ब्रह्मचारी कहलाता है। अपने आप को अंतर्मुख करके आत्म सिद्धि करना ही जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। इस अवसर पर पूज्य गुरुमां ने भक्तों को आत्म ज्ञान की शिक्षा दी एवं आत्म उन्नति का साधन उन्हें प्रदान किया। आज के विधान के पुण्यार्जक भागचंद उषा देवी रारा नलवाड़ी परिवार,सुनीता जैन नोएडा दिल्ली,संजय पाटोदी जयपुर, पंकज ममता जैन आगरा एवं शैलेश छाबड़ा सीकर सपरिवार ने प्राप्त किया। आज आर्यिका संघ ने अनशन व्रत धारण किया। पूज्य गुरुमां के सान्निध्य में कल क्षमावाणी महापर्व का उत्सव मनाया जाएगा। प्रतिक जैन सेठी ने बताया की इस अवसर पर विशेष प्रवचन का आयोजन सुबह 9:00 से होने जा रहा है। तत्पश्चात 19 सितंबर को वार्षिक कलशाभिषेक का भव्यतिभव्य आयोजन चातुर्मास समिति के द्वारा किया गया है। सभी भक्तगण पधारकर अतिशयकारी श्री शांतिनाथ भगवान के दर्शनों का लाभ प्राप्त करें एवं अपने जीवन में अतिशय पुण्य कमाए।

दो शब्द क्षमा के जीवों को खुशहाल करते हैं
टकराव दूर होता है, खुशिया हजार देते हैं
खुश रहें खुशियां बांटे, महान उसे कहते हैं
अंतरमन से क्षमा याचना

Umrao Mal Sanghi
President
Shri Mahaveer Digamber Jain
Shiksha Parishad
Jaipur

Naveen Sanghi
Director
Jain Saraogi Cold Storage
Jaipur

सामूहिक आराधना से अनंत कर्मों की निर्जरा होती है: युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी महाराज

एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में पुच्छिस्सुणं संपुट की सातवीं गाथा का जाप

सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया

चैन्नेई। अशुभ कर्मों की निर्जरा परमात्मा की भक्ति से होती है, और सामूहिक भक्ति से कर्मों का सामूहिक क्षय संभव है। मंगलवार को एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी के पावन सान्निध्य में पुच्छिस्सुणं संपुट की सातवीं गाथा का जाप संपन्न हुआ।इस विशेष अवसर पर गाथा की महिमा का विस्तृत वर्णन करते हुए इसके आध्यात्मिक महत्व को समझाते हुए समझाया कि इसमें परमात्मा को सर्वोच्च गुणवत्ता और आदर्श रूप में प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने उसी धर्म और सिद्धांत की परंपरा को आगे बढ़ाया, जो सभी तीर्थंकरों ने स्थापित की थी। यह धर्म और सिद्धांत आत्मा की शुद्धि और मोक्ष के मार्ग की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने बताया कि जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और श्रेष्ठ तत्व आत्मा ही है, और आत्मा के अस्तित्व से ही हमारे जीवन में संवेदनाएं और संवाद संभव हैं। युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी ने तीर्थंकरों के उपदेशों और जीवन शैली का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन से हजारों और लाखों आत्मा ओं का उद्धार हुआ। भगवान महावीर के जीवन से प्रेरणा लेकर लोगों ने आत्मबोध प्राप्त किया और उनके जीवन में शुद्धि एवं मुक्ति का मार्ग खुला। आत्मबोध का यह संदेश तीर्थंकरों ने दिया, जिससे व्यक्ति अपने जीवन के उद्देश्यों को पहचान सके और मुक्ति की दिशा में अग्रसर हो सके। तीर्थंकर केवल धार्मिक नेता नहीं थे, बल्कि वे उस परंपरा के मार्गदर्शक थे, जो आत्मशुद्धि और मोक्ष की दिशा में सभी को अग्रसर करती है। उनकी उपस्थिति से साधक स्वयं को सुरक्षित और प्रेरित महसूस करते थे। युवाचार्यश्री ने कहा कि जब परमात्मा हमारे मार्गदर्शक होते हैं, तो हमें किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि वे हमारे लिए एक सुरक्षा कवच के रूप में होते हैं। जब एक साथ मिलकर परमात्मा की भक्ति की जाती है, तो उसमें विशेष सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यह सकारात्मक ऊर्जा साधकों को एकता और आत्मशुद्धि की दिशा में प्रेरित करती है। सामूहिक भक्ति से न केवल व्यक्तिगत, बल्कि सामूहिक रूप से भी कर्मनिर्जरा होती है, अर्थात कर्मों का क्षय होता है। अशुभ कर्मों की निर्जरा परमात्मा की भक्ति से होती है, और सामूहिक भक्ति से कर्मों का सामूहिक क्षय संभव होता है। युवाचार्यश्री ने साधना के महत्व पर प्रकाश डालते हूए कहा कि साधना का वास्तविक अर्थ है किसी भी परिस्थिति में अपने लक्ष्य से विचलित न होना। उन्होंने परमात्मा की साधना की महिमा बताते हुए कहा कि परमात्मा ने उन सभी को साधना के पथ पर अग्रसर किया, जो वास्तव में आगे बढ़ने की इच्छा रखते थे। ऐसी साधना जीवन में आनंद और मंगल का संचार करती है। युवाचार्यश्री अपने प्रवचन में यह भी संदेश दिया कि सामूहिक आराधना जीवन में मंगल और शांति प्रदान करती है। जब हम सभी एक साथ मिलकर परमात्मा की उपासना करते हैं, तो अनंत अशुभ कर्मों की निर्जरा होती है। इस प्रकार की आराधना न केवल व्यक्तिगत जीवन को शुद्ध करती है, बल्कि सामूहिक रूप से भी साधकों को शुद्धि और मोक्ष की दिशा में

प्रेरित करती है ओर जीवन में मंगल को प्रदान करने वाली है। धर्मसभा मे अनेक क्षेत्रों के पधारें अतिथियों की उपस्थिति रहीं। धर्मसभा का संचालन राकेश विनायका ने किया।

सुरेन्द्र कुमार-मृदुला जैन पांड्या

राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन
पूर्व अध्यक्ष
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन
पूर्व अध्यक्ष
दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल
अध्यक्ष
जन समस्या समिति, महावीर नगर, जयपुर
उपाध्यक्ष
दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बाड़ा, पदमपुरा
उपाध्यक्ष
महावीर शिक्षा समिति

आत्मशुद्धि के महापर्व
पर्यूषण के पुनीत अवसर पर
गत वर्ष में हुए
ज्ञात-अज्ञात अविनय,
राग-द्वेष मनोमालिन्य के लिए
क्षमा याचना

राष्ट्रीय महामंत्री-दिगम्बर जैन महासमिति
संरक्षक: दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति

पता: 477, एकता ब्लॉक,
महावीर नगर, जयपुर (राज.)
मो.: 98290-63341

दुबई अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर रोड शो में राजस्थान सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने लिया भाग

जयपुर. कासं

राजस्थान में निवेश करने के लिए निवेशकों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल जायौदी से दुबई में मुलाकात की और ''राइजिंग राजस्थान'' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के दुबई अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर रोड शो में भाग लिया। इसके अलावा, कर्नल राठौड़ और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की कई प्रमुख कंपनियों और यूएई-इंडिया बिजनेस काउंसिल के यूएई चैप्टर के सदस्यों के साथ भी बैठकें की और उन्हें राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर निवेशकों को संबोधित करते हुए उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम भारत को आने वाले वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक एक विकसित देश बनाने के लिए काम कर रहे हैं। इसके तहत, हमारा लक्ष्य स्पष्ट है कि हमें राजस्थान को भी आर्थिक रूप से विकसित बनाना है और इसके लिए हमारी सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति है। इसीलिए, अपनी सरकार के कार्यकाल के पहले वर्ष में ही हम ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कर रहे हैं और प्रदेश में कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने की भी हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। हमने अपनी कई नीतियों में बदलाव किया है और आने वाले दिनों में हम कई अन्य नई नीतियां भी शुरू करने वाले हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि निवेशक कम से कम लागत पर और परेशानी से मुक्त होकर प्रदेश में कारोबार कर सकें। दुबई में इन्वेस्टर मीट के दौरान कर्नल राठौड़ के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने लॉजिस्टिक्स, रियल एस्टेट, पेट्रोकेमिकल्स, वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य, अक्षय ऊर्जा, एआई फिल्म निर्माण क्षेत्रों, सोलर और स्टील मैन्यूफैक्चरिंग, स्वास्थ्य सेवा आदि क्षेत्रों से संबंधित कई कंपनियों के अधिकारियों के साथ चर्चा की। इनमें यूएई-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूआईबीसी) के यूएई चैप्टर से जुड़े व्यापारिक समूहों के साथ हुई बैठक शामिल है, जिनमें केफ होल्डिंग्स, डीपी वर्ल्ड, लुलु फाइनेंशियल होल्डिंग्स, अमीरात एनबीडी, शराफ ग्रुप, ईएफएस फैसिलिटीज जैसी कंपनियों के अधिकारियों ने भाग लिया।

जाने में अनजाने में, मन के वचन सुनाने में, अगर टूटा हो आपका मन तो
क्षमावाणी के इस पर्व पर दे दीजिये हमें क्षमा का दान

PARAS-MONA
Nimisha, Nischal
Sogani Family Sanganer
Aupreksha, Shubham, Anshika Kasliwal

On the Occasion of Samvatsari, I Am Deeply Apologetic for
I Have Impaired in Any Way, Knowingly or Unknowingly,
My Words or My Thoughts. Please Forgive Me.

Sunil Kumar Jain
9214695692
9928077213

Arihant
Publishers & Distributors
Publisher, Library Books & General Order Suppliers
Specialist: IAS, RAS, LAW, NET Books & Notes

Shop No.: 397, Adarsh Bazar, Barkat Nagar, Tonk Phatak, Jaipur-15
E-mail: apdjaipur@gmail.com fb.com/arihantpublishersanddistributors

महापर्वः दशलक्षणधर्मः उत्तमक्षमधर्मात आरभ्य क्षमवाणीपर्वेण समाप्तः भवति।
अस्मिन शुभे अवसरे वयं ज्ञात्वा अज्ञात्वा वा कृतानां दोषाणां क्षमायाचनां कुर्मः।

क्षमावनत
रूक्मणी देवी जैन
भाग चंद जैन- अध्यक्ष अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर
से. नि. सहायक महा प्रबंधक एसबीआई
पूर्व परामर्शदाता प्रबंधकीय सेवा एसबीआई लाइफ
पूर्व सदस्य आयकर विभाग सलाहकार समिति;
पूर्व नोडल अधिकारी एनएचएआई
मनोरमा जैन
आशीष बाकलीवाल- रीजनल हेड एसएमई आईसीआईसीआई बैंक
आशिका जैन- व्याख्याता वनस्पति विज्ञान
अधीश जैन मित्रपुरा परिवार।

आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

पश्चिमपुरी जैन मंदिर में दशलक्षण महापर्व के अंतिम दिन मनाया उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म

भक्तों ने की प्रभु पारसनाथ की वृहद शांतिधारा

आगरा. शाबाश इंडिया। संयम और आत्म शुद्धि के पर्व दशलक्षण महापर्व देशभर के सभी जिनालियों में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ संपन्न किए गए इसी कड़ी में आगरा के पश्चिमपुरी स्थित श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में महापर्व का दसवां दिन 17 सितंबर उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म एवं वासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक भी मनाया गया। महापर्व के अंतिम दिन सर्वप्रथम भक्तों ने स्वर्ण कलशों से मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा एवं श्रीजी की सभी प्रतिमाओं की वृहत शांतिधारा कौ श्री पार्श्वनाथ भगवान के प्रथम अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य श्रावक श्रेष्ठी सुनील जैन एवं मनीष जैन को प्राप्त हुओवही पाण्डुक शिला पर विराजमान श्री शांतिनाथ भगवान के दाईं ओर से अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य सचिन जैन परिवार को प्राप्त हुआ। पाण्डुक शिला पर विराजमान श्री शांतिनाथ भगवान के बाईं ओर से अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य पंकज जैन एवं नीरज जैन को प्राप्त हुआ।इसके साथ ही 12 वें तीर्थंकर वासुपूज्य भगवान के मोक्षकल्याणक महोत्सव के अवसर पर निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य महेंद्र जैन एवं सुनीता जैन परिवार को प्राप्त हुआ।प्रभु की शांतिधारा के बाद पंडित रितेश जैन शास्त्री के कुशल निर्देशन में भक्तों ने अष्ट द्रव्यों के साथ संगीतमय उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म एवं वासुपूज्य भगवान का पूजन किया। इस अवसर पर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश जैन,मंत्री राहुल जैन,संजय जैन, अनुराग जैन,पंकज जैन,अमित जैन, अमर जैन,विपिन जैन,विशाल जैन, रवि जैन,पंकज जैन जीएसटी, शैलेन्द्र जैन,चक्रेश जैन आदि लोग उपस्थित रहे। **रिपोर्टः चक्रेश जैन**

ताजगंज जैन मंदिर में मनाया वासुपूज्य भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव

आगरा. शाबाश इंडिया

सकल दिगंबर जैन समाज ताजगंज के तत्वावधान में दशलक्षण महापर्व के अंतिम दिन 17 सितंबर को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म अनंत चतुर्दशी महापर्व एवं श्री वासुपूज्य भगवान का निर्वाण कल्याणक महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महापर्व के दसवें एव अंतिम दिन सौभाग्यशाली भक्तों ने अतिशयकारी भगवान पारसनाथ का अभिषेक किया। पंडित सिद्धम जैन शास्त्री के निर्देशन में मंत्रोच्चारण के साथ श्रीजी के समक्ष अर्घ्य अर्पित कर उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म एवं वासुपूज्य भगवान का पूजन संपन्न कियो पूजन के मध्य में श्रावक-श्राविकाओं ने निर्वाण काण्ड का वाचनकर वासुपूज्य भगवान के समक्ष 12 किलो का निर्वाण लाडू अर्पित किया। पंडित सिद्धम जैन शास्त्री ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हर इंसान को ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करना चाहिए। वासना और पाखंड से मन को कभी भी विचलित नहीं होने देना चाहिए। नारी में माता,बहन का आदर लाना व्यवहार ब्रह्मचर्य है। हमें उत्तम ब्रह्मचर्य का पालन करके अपनी आत्मा में रमन करना चाहिए,सांय 7:00 बजे से संगीतमय में प्रभु पारसनाथ की मंगल आरती की गई रात्रि 8:00 बजे से ताजगंज बालिका मंडल द्वारा नाटक का मंचन किया गयो मंदिर के महामंत्री संजय बाबू जैन ने बताया कि दशलक्षण महापर्व के समापन पर श्रीजी की रथयात्रा एवं कलशाभिषेक महोत्सव का आयोजन 18 सितंबर को दोपहर 1:00 से किया जाएगा। इस अवसर पर संजय जैन, संजयबाबू जैन उत्सव जैन,मधुर जैन, विजय योगेश जैन,मीरा जैन,ऋतु जैन,स्वाति जैन,अनुराधा जैन,मिनी जैन,पूनम जैन,रेशी जैन समस्त ताजगंज जैन समाज के लोग बडी.संख्या में मौजूद रहे। **रिपोर्ट : शुभम जैन**

दो शब्द क्षमा के जीवों को खुशहाल करते हैं
टकराव दूर होता है, खुशियां हजार देते हैं
खुश रहें खुशियां बांटे, महान उसे कहते हैं
अंतरमन से क्षमा याचना

सुनील बख्शी पुत्र स्व. श्री बख्शी भागचन्द जी

अध्यक्ष- दिगम्बर जैन मंदिर आदिनाथ स्वामी (बख्शीजी)
मानद मंत्री-श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद जयपुर
संयुक्त सचिव- श्री दिगम्बर जैन मंदिर महासंघ, जयपुर
मानद मंत्री-दिगम्बर जैन मंदिर चाकसू का चौक एवं जग्गा की बावड़ी
ट्रस्टी- धर्मशाला बख्शी जी, रामगंज बाजार, जयपुर
ट्रस्टी-साईबाबा संस्थान, जयपुर
ट्रस्टी-वीरागोदय तीर्थ धार्मधाम, पथरिया, दमोह, म.प्र.

175, विराग बख्शी चैम्बर, बख्शी जी का चौक,
रामगंज बाजार, जयपुर, मो. 9929090242

विश्व प्रसिद्ध आचार्य लोकेश मुनि करवाएंगे पारणा

जयपुर. शाबाश इंडिया

दिगंबर जैन समुदाय के 8 सितंबर से 17 सितंबर तक चल रहे दसलक्षण पर्व के अंतर्गत आमेर रोड स्थित श्री विजय लालजी पांड्या की नसियां में दश लक्षण धर्म के पावन महोत्सव पर अनीता जैन बैराठी परिवार के तीन व्रतियों द्वारा लगातार तीसरे वर्ष दस दिन के उपवास किए जा रहे है ' नसियां में दश लक्षण धर्म पर्व बड़ी ही श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया जा रहा है । यह नसियां जयपुर की स्थापना से ही स्थापित है । यहां जैन धर्म के 22वे तीर्थंकर नेमीनाथ भगवान की अतिशय कारी मूल नायक प्रतिमा है, व महावीर भगवान कि लाल पत्थर की पदमासन प्रतिमा व अन्य तीर्थकरो की प्रतिमाएं हैं ' श्रीमती अनिता जैन धर्मपत्नी स्व.श्री सियाराम शरण जैन, वार्ड संख्या 21 की पार्षद भी है, पुत्र वधू श्रीमती हिना जैन धर्मपत्नी वीर कुमार जैन, सुपुत्री सुश्री मानसी जैन सुपुत्री स्व. श्री सियाराम शरण जैन द्वारा यह कठिनतप व त्याग का अनूठा उदाहरण है । आज प्रातः सामूहिक दशलक्षण धर्म मंडल विधान पूजा के अंतिम दिन प्रथम अभिषेक व शांति धारा प्रसिद्ध मुनि भक्त व भामा शाह शिखर चन्द कासलीवाल ,मनोज कासलीवाल ,क्रिस कासलीवाल साईवाड वाले ने किया ' इसी के अंतर्गत व्रतियों के तप की अनुमोदना में विनतियों, जिसमे भगवान की भक्ति की जाती है, का कार्यक्रम भी रखा गया।

हिंदी दिवस पर 'शब्दाक्षर' का काव्य अनुष्ठान

कोलकाता. शाबाश इंडिया। रविवार की शाम 'शब्दाक्षर' पश्चिम बंगाल ने हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर, राम गोपाल मंच हावड़ा कोर्ट में काव्य अनुष्ठान आयोजित किया। 'शब्दाक्षर' के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह की मंच उपस्थिति में दक्षिण कोलकाता जिला अध्यक्ष डॉ .उर्वशी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस साहित्यिक काव्य-अनुष्ठान में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य अश्वनी कुमार राय व 'शब्दाक्षर' के प्रदेश सचिव पार्थ सारथी उपाध्याय 'मौसम' आयोजक- संयोजक के रूप में तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंचासीन थे। कार्यक्रम का सफल संचालन 'शब्दाक्षर' दक्षिण कोलकाता के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार धानुक ने किया व धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश संगठन मंत्री मंत्री अवधेश मिश्रा ने ज्ञापित किया। हिंदी दिवस को समर्पित इस काव्य समारोह में मंचासीन पदाधिकारियों के साथ कोलकाता महानगर के जिन नामचीन रचनाकारों ने काव्य-पाठ किया उनमें से विशेष उल्लेखनीय नाम हैं- अवधेश मिश्रा 'सबरंग', कवि 'मौसम' डॉ. उर्वशी श्रीवास्तव, डॉ.शाहिद फरोगी, अश्वनी कुमार राय, प्रिया श्रीवास्तव, ओम प्रकाश चौबे, अबुल कलाम, जीवन सिंह, दीप चंद सोनकर, फिरोज अख्तर, धर्म देव सिंह, पंकज कुमार राय, अनीसा साबरी व संगीता व्यास।

सखी गुलाबी नगरी जयपुर

जीवन यात्रा में चलते चलते स्वार्थ, मोह, अज्ञानतावश हुई भूलों के लिए सच्चे स्वच्छ हृदय से क्षमायाचना करते हुए हम आपके स्नेह मैत्री भाव की कामना करते हैं

मिच्छामी दुक्कडम

अध्यक्ष: सारिका जैन

सचिव: स्वाति सेठी

उपाध्यक्ष सुषमा जैन

उपाध्यक्ष अनिता जैन

सह सचिव मोनिका जैन

सह सचिव ममता सेठी

सह सचिव रितु जैन

कोषाध्यक्ष नेहा जैन

सांस्कृतिक मंत्री मनीषा जैन

ग्रीटिंग कोऑर्डिनेटर रेशमा गोदिका

पीआरओ आशा जैन

कार्यकारिणी सदस्य:- सुनीता कसेरा, अंशु जैन, नीलू जैन, निकिता जैन, रानी पाटनी, सुनीता जैन, इंदु जैन, सरोज जैन, दिव्या जैन

एवं समस्त सदस्य सखी गुलाबी नगरी, जयपुर

क्षमावाणी पर्व पर विशेष

क्षमावाणी: मन का कलुष धोने का पर्व

डॉ. सुनील जैन संचय

भारत की प्राचीन श्रमण संस्कृति की अत्यन्त महत्त्वपूर्ण 'जिन' परम्परा ने क्षमा को पर्व के रूप में प्रचलित किया है। इसे क्षमावाणी भी कहते हैं। विश्व के इतिहास में यह पहला पर्व है, जिसमें शुभकामना, बधाई, उपहार न देकर सभी जीवों से अपने द्वारा जाने-अनजाने में किए गए समस्त अपराधों के लिए क्षमायाचना करते हैं। क्षमा करने और क्षमा माँगने के लिए विशाल हृदय की आवश्यकता होती है। तीर्थंकरों ने सम्पूर्ण विश्व में शांति की स्थापना के लिए सूत्र दिया है–

खम्मामि सव्वजीवाणं, सव्वे जीवा खमंतु मे।
मित्ती मे सव्वभूदेसु, वेरं मज्झम ण केणवि।।

अर्थात मैं सभी जीवों को क्षमा करता हूँ। सभी जीव मुझे भी क्षमा करें। मेरी सभी जीवों से मैत्री है। किसी के साथ मेरा कोई वैर भाव नहीं है। क्षमावणी का पर्व सौहार्द, सौजन्यता और सद्भावना का पर्व है। आज के दिन एक दूसरे से क्षमा मांगकर मन की कलुषता को दूर किया जाता है। मानवता जिन गुणों से समृद्ध होती है उनमें क्षमा प्रमुख और महत्वपूर्ण है। कषाय के आवेग में व्यक्ति विचार शून्य हो जाता है। और हिताहित का विवेक खोकर कुछ भी करने को तैयार हो जाता है। लकड़ी में लगने वाली आग जैसे दूसरों को जलाती ही है, पर स्वयं लकड़ी को भी जलाती है। इसी तरह क्रोध कषाय को समझ पर विजय पा लेना ही क्षमा धर्म है। रामधारी सिंह दिनकर ने कहा है कि क्षमा वीरों को ही सुहाती है। उन्होंने लिखा है कि- क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो, उसका क्या जो दंतहीन, विषहीन, विनीत सरल हो।। क्षमा को सभी धर्मों और संप्रदायों में श्रेष्ठ गुण करार दिया गया है। जैन संप्रदाय में इसके लिए एक विशेष दिन का आयोजन क्षमावाणी के रूप में किया जाता है। मनोविज्ञानी भी क्षमा या माफी को मानव व्यवहार का एक अहम हिस्सा मानते हैं। उनका कहना है कि यह इंसान की जिन्दगी का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है। क्षमावणी पर्व हमारी वैमनस्यता, कलुषता बैर–दुश्मनी एवं आपस की तमाम प्रकार की टकराहटों को समाप्त कर जीवन में प्रेम, स्नेह, वात्सल्य, प्यार, आत्मीयता की धारा को बहाने का नाम है, हम अपनी कषायों को छोड़ें, अपने बैरों की गांठों को खोलें, बुराइयों को समाप्त करें, बदले, प्रतिशोध की भावना को नष्ट करें, नफरत–घृणा, द्वेष बंद करें, आपसी झगड़ों, कलह को छोड़ें। अनुसंधानकताओं ने यह निष्कर्ष निकाला है कि लम्बे समय तक मन में बदले की भावना, ईर्ष्या–जलन और दूसरों के अहित का चिन्तन और प्रयास करने पर मनुष्य भावनात्मक रूप से बीमार रहने लगता है। जीवन में जब भी कोई छोटी-बड़ी परेशानी आती है तब व्यक्ति अपने मूल स्वभाव को छोड़कर पतन के रास्ते पर चल पड़ता है। जो कि सही नहीं है, हर व्यक्ति को अपना आत्मचिंतन करने के पश्चात सत्य रास्ता ही अपनाना चाहिए। हमारी आत्मा का मूल गुण क्षमा है। जिसके जीवन में क्षमा आ जाती है उसका जीवन सार्थक हो जाता है। क्षमायाचना और क्षमादान चाहे दो आत्मीय जनों के बीच हो अथवा समूहों या राष्ट्रों के बीच, यदि ईमानदारी के साथ क्षमायाचना की जाती है, तो यह अपमान की भावना का निराकरण करती है। क्षमा में बहुत बड़ी शक्ति होती है। क्षमाशीलता का भारी महत्व है, पर हम इसके बारे में बहुत कम ध्यान देते हैं। क्षमा का जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। अगर इंसान कोई गलती करे और उसके लिए माफी मांग ले तो सामने वाले का गुस्सा काफी हद तक दूर हो जाता है। जिस तरह क्षमा मांगना व्यक्तित्व का एक अच्छा गुण है, उसी तरह किसी को क्षमा कर देना भी इंसान के व्यक्तित्व में चार चांद लगाने का काम करता है। क्षमायाचना करने के लिए हममें अपनी गलती, असफलता और कमजोरी को स्वीकार करने की क्षमता होनी जरूरी है। पर निरंतर जीत के लिए हम इतने आतुर होते हैं कि अपनी गलतियों और कमजोरियों को स्वीकार करने की हमें फुरसत ही नहीं मिलती। क्षमा ने ही युगों-युगों से मानव-जाति को नष्ट होने से बचाया है। किसी को किसी की भूल के लिए क्षमा करना और आत्मग्लानि से मुक्ति दिलाना एक बहुत बड़ा परोपकार है। क्षमा करने की प्रक्रिया में क्षमा करने वाला क्षमा पाने वाले से कहीं अधिक सुख पाता है।अगर आप किसी की भूल को माफ करते हैं तो उस व्यक्ति की सहायता तो करते ही हैं साथ ही साथ स्वयं की सहायता भी करते हैं। अतः मन के बैर-भाव के विसर्जन करने के इस अवसर को अपने हाथ से जाने न दें और इसका लाभ उठाते हुए सभी से क्षमा-याचना करें ताकि हमारा मन और आत्मा शुद्ध हो सकें। साथ ही दूसरे के मन को भी हम शांति पहुंचा सकें, यही हमारा प्रयास होना चाहिए।

क्षमावणी पर्व हमारी वैमनस्यता, कलुषता बैर–दुश्मनी एवं आपस की तमाम प्रकार की टकराहटों को समाप्त कर जीवन में प्रेम, स्नेह, वात्सल्य, प्यार, आत्मीयता की धारा को बहाने का नाम है, हम अपनी कषायों को छोड़ें, अपने बैरों की गांठों को खोलें, बुराइयों को समाप्त करें, बदले, प्रतिशोध की भावना को नष्ट करें, नफरत–घृणा, द्वेष बंद करें, आपसी झगड़ों, कलह को छोड़ें। अनुसंधानकताओं ने यह निष्कर्ष निकाला है कि लम्बे समय तक मन में बदले की भावना, ईर्ष्या–जलन और दूसरों के अहित का चिन्तन और प्रयास करने पर मनुष्य भावनात्मक रूप से बीमार रहने लगता है।

किसी ने ठीक ही लिखा है...

जैसा भी हो सम्बन्ध बनाये रखिये।
दिल मिले या न मिले हाथ मिलाते रहिये।।

-डॉ. सुनील जैन संचय
ज्ञान-कुसुम भवन, नेशनल कान्वेंट स्कूल के पास, 874/1, गांधीनगर, नईबस्ती, ललितपुर 284403 उत्तर प्रदेश 9793821108

वासुपुज्य भगवान के मोक्ष कल्याणक पर्व पर श्रावकों ने चढ़ाया लड्डू

बड़ा मंदिर में श्रीजी का सामूहिक कलशाभिषक, अनंत चतुर्दशी पर्व पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

टोंक. शाबाश इंडिया

श्री दिगंबर जैन नसिया अमीरगंज टोंक मे दसलक्षण पर्व का अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया इस मौके पर श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा अर्चना कर मंदिरों के दर्शनों के लिए निकले जिसको लेकर मंदिरों एवं जिनालय श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी । समाज के अध्यक्ष भागचंद फुलेता एवं वषायोग समिति के अध्यक्ष धर्मचंद दाखिया ने बताया कि दसलक्षण पर्व के तहत अनंत चतुर्दशी पर्व पर अंतिम दिन दसलक्षण महामंडल विधान में इन्द्र व इंद्राणियों उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा एवं वासुपूज्य भगवान सहित चौबीसो भगवान की पूजा अर्चना की गई । तत्पश्चात वासुपूज्य भगवान का मोक्ष कल्याणक पर्व मनाया जिसमें बालाचार्य निपूर्ण नंदी जी महाराज के ससंग सानिध्य एवं विधानाचार्य मनोज कुमार जी शास्त्री के मुखारविंद से वासुपूज्य भगवान की पूजा अर्चना कर निर्माण कांड बोलकर निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया इस मौके पर इंद्राणी एवं महिलाओं द्वारा भक्ति नृत्य किया गया इससे पूर्व प्रातः काल की बेला में अभिषेक, 'शांतिधारा नित्य नियम पूजा की गई समाज के सांस्कृतिक मंत्री विकास अत्तार ने सायकाल को बताया कि जैन नसिया एवं श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर तख्ता श्री जी के सामूहिक कलशाभिषक का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए उसके पश्चात आरती ,प्रश्न मंच ,स्वाध्याय, शास्त्र सभा ,जिनवाणी ज्ञान के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए दशलक्षण पर्व मे त्यागी व्रतियों ने दस उपवास ,पांच उपवास , तीन उपवास एवं अनंत चतुर्दशी का उपवास किया वषायोग समिति के मंत्री धर्मेन्द्र पासरोटियां ने बताया कि बुधवार को सामूहिक क्षमावाणी पर्व श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर तख्ता में मनाया जाएगा।

जाने में अनजाने में, मन के वचन सुनाने में अगर टूटा हो
आपका मन तो, क्षमावाणी के इस पर्व पर दे दीजिये हमें क्षमा का दान

RAJEEV-SEEMA JAIN
MD

M/s. GULSHAN RAI JAIN-II
('AA' Class Govt. Contractor)

94140 54571, 99280 90772 gulshanraijain@gmail.com

मन्दारगिरी पर्वत पर भगवान वासुपूज्य के गाजे बाजे से चढ़ाया गया निर्वाण लड्डू

दशलक्षण धर्म महापर्व का उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के साथ हुआ समापन

निवाई. शाबाश इंडिया

सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में शहर के सभी जिनालयों में दशलक्षण धर्म महापर्व के चलते मंगलवार को श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में भगवान वासुपूज्य का गाजे बाजे से निर्वाण लड्डू चढ़ाया जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष सुनील भाणजा एवं मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि निर्वाण महोत्सव कार्यक्रम से पहले मुनि श्री अनुसरण सागर महाराज के निर्देशन में एवं विद्वान पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री के सानिध्य में भगवान आदिनाथ शांतिनाथ पार्श्वनाथ का प्रथम अभिषेक एवं शांतिधारा के साथ पंचामृत अभिषेक का आयोजन किया गया। इसके बाद सभी पूजार्थियो एवं इन्द्र इन्द्राणियो ने संगीत के साथ पूजा अर्चना की। समाजसेवी हितेश छाबड़ा एवं राकेश कठमाणा ने बताया कि दशलक्षण धर्म महापर्व के सोधर्म इन्द्र राकेश कुमार राजेश कुमार यूपी ने भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा करके मण्डल विधान की पूजा अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान भगवान वासुपूज्य का गाजे बाजे से निर्वाण लड्डू चडाने का सौभाग्य पवन कुमार सत्यनारायण विनोद कुमार गिर्राज कुमार महेश कुमार मोठूका परिवार को एवं पारसमल अजय कुमार जैन शिवाड़ परिवार को भगवान का मोक्ष लड्डू चडाने का सौभाग्य मिला। महेन्द्र चंवरिया एवं मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि दशलक्षण धर्म मण्डल विधान में पांच मंगल कलश स्थापना करने का सौभाग्य सोधर्म इन्द्र राकेश कुमार राजेश कुमार रश्मि जैन खुशी जैन यूपी को मिला। विधान में सैकड़ों इन्द्र इन्द्राणियो ने देव शास्त्र और गुरु सोलह कारण भावना दशलक्षण धर्म पूजा शांतिनाथ पूजा सरस्वती पूजा निर्वाण क्षेत्र पूजा रत्नत्रय पूजा के साथ उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की विशेष पूजा अर्चना संगीत के साथ करके दशलक्षण धर्म का समापन किया गया। इस दौरान इन्द्र त्रिलोक चन्द प्रियंका जैन दिलीप कुमार सिरस, सुशील कुमार नीरा जैन, महावीर प्रसाद शकुंतला छाबड़ा, विष्णु कुमार ममता बोहरा, महेश कुमार रिन्की मोठूका, पारसमल अजय कुमार शिवाड़, दिनेश कुमार सुरेंद्र कुमार माधोराजपुरा, महावीर प्रसाद प्रदीप कुमार माधोराजपुरा, नेमीचंद संजय कुमार सिरस, पदम चंद विमल कुमार सेदरिया, राकेश कुमार ज्ञानेश्वरी पहाड़ी, ताराचंद अनिता गोयल, राकेश कुमार पिंकी कठमाणा, संजय कुमार शशि सोगानी, सीताराम रमेश चंद बोहरा, भागचंद सिरस, सहित अनेक इन्द्र इन्द्राणियो ने मण्डल विधान में श्री फल अर्ध्य समर्पित किया।

दिगंबर जैन समाज के आराधना का पर्व दसलक्षण पर्व संपन्न

रत्नत्रय क्षमा वाणी का पर्व बुधवार को मनायेंगे

सौरभ जैन. शाबाश इंडिया

चिड़ावा। सकल दिगंबर जैन समाज का 10 दिवसीय दस लक्षण पर्व संपन्न हुआ। अनंत चतुर्दशी पर श्रावक श्राविकाओं ने अभिषेक, शान्ति धारा, नित्य नियम पूजन, दस लक्षण की पूजन, मां जिनवाणी की पूजन, तत्त्वार्थसूत्र का वाचन, प्रतिक्रमण, सामायिक, आरती करते हुए अपनी आत्मा का कल्याण करते हुवे बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। जैन समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि कोटड़ी, भक्तामर विश्व धाम ड़ोला, पिड़ावा के सभी जिनालयों में 10 दिनों तक श्री सांवलिया पार्श्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बड़ा मंदिर में आचार्य आर्जव सागर संसध व पंडित मुकेश जैन सुसनेर के कुशल नेतृत्व में अभिषेक, शांति धारा, पूजन, शास्त्र स्वाध्याय, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर श्रावक श्राविकाओं ने अपनी आत्मा को तप के माध्यम से मौक्ष मार्ग की

और अग्रसर किया है। जिनमें रेखा जैन पत्नी प्रवीण जैन ने 10 निर्जल उपवास व निक्की जैन, नरेंद्र जैन, ने 5 उपवास किये। अनंत चतुर्दशी के महापर्व पर श्री सांवलिया पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में श्री सांवलिया पार्श्वनाथ भगवान पर महा शांतिधारा संजय जैन परिवार की और से की गई। उसके बाद चौबीस तीर्थंकर भगवान की पूजन की गई। पूजन के पश्चात दोपहर 3 बजे बड़े मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई।

डॉ राजेन्द्र कुमार जैन
श्रीमती उर्मिला जैन

दो शब्द क्षमा के जीवों को खुशहाल करते हैं
टकराव दूर होता है, खुशियाँ हजार देते हैं
खुश रहें खुशियाँ बाँटे, महान उसे कहते हैं

अंतरमन से क्षमा याचना

डी/58, सरोज निकेतन, ज्योति मार्ग,
बापू नगर, जयपुर- 9829123527

आत्मशुद्धि के महापर्व पर्यूषण के पुनीत अवसर पर गत वर्ष में हुए
ज्ञात-अज्ञात अविनय, राग-द्वेष मनोमालिन्य के लिए **क्षमा याचना**

पूर्णिमा हैण्डीक्राफ्ट्स

शोरूम : डी-57, प्रथम मंजिल एम.जी.डी. मार्केट,
त्रिपोलिया बाजार, जयपुर फोन : 2311266

फैक्ट्री : एफ-118-120, गारमेंट जोन,
सीतापुरा इण्डिट्रियल एरिया, जयपुर

info@poornimahandicrafts.com

जनकपुरी में केसरिया वस्त्रों में अभिषेक पूजन करने वालों की भीड़ से मंदिर हुआ केसरिया

जयपुर. शाबाश इंडिया

जनकपुरी -ज्योतिनगर जैन मंदिर में दशलक्षण महापर्व महोत्सव में ब्रह्मचर्य धर्म की पूजन का आयोजन हुआ। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि प्रातः आठ परिवारों ने भगवान के नये सिंहासन तथा आठ परिवार ने यन्त्र स्टैंड विराजमान किये इसके बाद विधान मण्डल पाण्डुशीला पर अभिषेक शान्तिधारा करने का सोभाग्य विद्या देवी विकास निकिता साखूनियाँ परिवार को मिला तथा वेदी पर नयी पाण्डुशिलाओं पर प्रथम अभिषेक सुभाष राजेश गर्ग , अशोक अंजू बाकलीवाल व देवेंद्र मीना कासलीवाल परिवार को मिला साथ ही शान्तिधारा का राकेश नवीन बाकलीवाल परिवार को मिला। आज धोती दुपट्टे पहने श्रावकों से तथा अभिषेक पूजन

अनंत चतुर्दशी पर चतुर्दश सोभाग्यशालियों ने पहनी भगवान की माल, ब्रह्मचर्य धर्म तथा आदिनाथ से अनंत नाथ भगवान की भक्ति भाव के साथ हुई पूजन। वासुपूज्य भगवान के निवाणोत्सव पर चढ़ाया गया निर्वाण लाडू।

कताओं से मन्दिर भरा हुआ था। इसके बाद नित्य पूजन, ब्रह्मचर्य धर्म विधान पूजन, आदिनाथ से अनंत नाथ भगवान की पूजन शिखर चन्द किरण जैन द्वारा साज बाज के साथ करायी जिसमें सभी ने करतल ध्वनि व भक्ति के साथ सहभागिता की। पूजा के बाद ब्रह्मचर्य धर्म के 108 जाप्य स्वाहा स्वाहा बोलते हुए किये गये। दिन में चोबीस तीर्थंकर की पूजा की गई। शाम को वार्षिक अभिषेक में भगवान की माल पहनने का सौभाग्य चौदह पुण्यशालियों को प्राप्त हुआ। प्रातः भगवान वासुपूज्य के निर्वाण उत्सव पर पूजन व निर्वाण काण्ड का वाचन कर निर्वाण लाडू मंजु राकेश पाटनी परिवार ने चढ़ाया । इधर दश दिवसीय विधान मंडल के समापन पर मुख्य कलश लेने का सौभाग्य प्रमोद स्वेता बडजात्या परिवार को मिला। प्रबंध समिति सदस्यों ,महिला मंडल व युवा मंच के सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा।

आत्मशुद्धि के महापर्व पर्यूषण के पुनीत अवसर पर
गत वर्ष में हुए ज्ञात-अज्ञात अविनय,
राग-द्वेष मनोमालिन्य के लिए क्षमा याचना

पदम चन्द जैन (बिलाला) - पुष्पा देवी बिलाला
CA पारस बिलाला-दीपिका जैन
Er. पहुप बिलाला-रूचिका जैन
आदिश्री, आदिश, आदित, आदिवा
निवास: 21, शिवा कॉलोनी, इमली फाटक, जयपुर-15
मो. 9314524888, 9314024888

CA INDIA
Jain Paras Bilala & Co.
CHARTERED ACCOUNTANTS
OUR OFFICES :
New Delhi, Mumbai, Chennai, Kolkata, Noida, Kota,
Jodhpur, Udaipur, Ajmer, Triuppur (TN), Dibrugarh (Assam)

अनंत चतुर्दशी पर भक्तिभाव से हुआ दस दिवसीय दशलक्षण महापर्व का समापन

तीर्थंकर वासुपुज्य भगवान के मोक्ष कल्याणक पर किया निर्वाण लाडू समर्पित

सीकर. शाबाश इंडिया

पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व का भक्तिभाव से समापन अनंत चतुर्दशी के दिन मंगलवार को हुआ। अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा समस्त जैन मंदिरों में की गई एवं अनंत चतुर्दशी के अवसर पर आयोजित विशेष विधान में समाज के समस्त लोग सम्मिलित हुए । भाद्रपद शुक्ल चतुर्दशी के दिन भगवान वासुपुज्य के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर प्रातः जैन मंदिरों में जिनेन्द्र प्रभु के अभिषेक व शांतिधारा पश्चात निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। प्रवक्ता विवेक पाटोदी ने बताया कि इस पावन अवसर पर शहर के समस्त जैन मंदिरों में प्रातः देर तक पूजन आदि के कार्यक्रम चल रहे थे। शहर के बड़ा जैन मंदिर में व्रतियों के साथ समस्त श्रद्धालु पूजन के दौरान श्री जी की भक्ति में झूम रहे थे। शहर के दीवान जी की नसियां में ब्रह्मचारिणी सविता दीदी व ज्योति दीदी के सानिध्य में प्रातः 1008 मंत्रो से सहस्त्रनाम शांतिधारा हुई व इसके पश्चात भगवान वासुपज्य को निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। शांतिधारा का सौभाग्य विनोद आरव दीवान परिवार व मुख्य निर्वाण लाडू समर्पित करने का सौभाग्य सुनील कुमार जितेंद्र कुमार दीवान परिवार को प्राप्त हुआ। शहर के समस्त जैन मंदिरों में जैन श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा अर्चना कर विश्व शांति की कामना की । देवीपुरा जैन मंदिर कमेटी अध्यक्ष पदम पिराका व मंत्री पंकज दुधवा ने बताया कि प्रातः शांतिधारा का सौभाग्य रामेश्वर लाल प्रदीप कुमार आलोक कुमार पाटनी परिवार व भगवान वासुपुज्य को मुख्य निर्वाण लाडू समर्पित करने का सौभाग्य कमल कुमार कार्तिक कुमार पहाड़िया परिवार को प्राप्त हुआ।

अनंत चतुर्दशी के हुए कलशाभिषेक

सांयकाल बजाज रोड स्थित नया मंदिर, जाट बाजार स्थित दीवान जी की नसियां , बावड़ी गेट स्थित बड़ा मंदिर में ब्रह्मचारिणी सविता दीदी व ज्योति दीदी के सानिध्य में अनंत चतुर्दशी के कलशाभिषेक हुए । ब्रह्मचारिणी सविता दीदी ने बताया कि आत्मा ही ब्रह्म है और उस ब्रह्म रूपी आत्मा में चर्या करना ही ब्रह्मचर्य है। स्वयं की खोज करना उत्तम ब्रह्मचर्य है। ज्योति दीदी ने बताया कि स्वः साधना में रहना आत्म चिन्तन करना और आत्मा में रमण करना ही उत्तम ब्रह्मचर्य है। मन की वासना को रोकना और विचारों से विरक्त होना भी उत्तम ब्रह्मचर्य है।

जाने में अनजाने में, मन के वचन सुनाने में
अगर टूटा हो आपका मन तो
क्षमावाणी के इस पर्व पर दे दीजिये हमें क्षमा का दान

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार

मोहनलाल गंगवाल
अध्यक्ष

नवीन सेन जैन
संस्थापक अध्यक्ष


सुरेश जैन बांदीकुई
कार्याध्यक्ष

कैलाश सेठी
कोषाध्यक्ष

अतिरिक्त सचिव
सुरेश कुमार बज

संरक्षक
सतीश कुमार बाकलीवाल,
निहालचंद सोगानी,
विजय कुमार दीवान,
प्रो. आई.पी.जैन,
डॉ. सुनील कुमार जैन
सुभाष सेठी

पर्यटन मंत्री
सुरेन्द्र कुमार जैन

सह संगठन मंत्री
अनिल कुमार गोधा
सुलोचना पाटनी

सांस्कृतिक मंत्री
कौशल्या जैन
राज कुमारी सोगानी
